WHITEHORSE PRE-SCHOOL ASSOCIATION

आवेदन फॉर्म भरने में सहायता के लिए जानकारी

स्थानों का आवंटन
WPSA, City of Whitehorse में सदस्य प्रीस्कूलों के लिए एक आवेदन रजिस्टर का रखरखाव करता है।

- प्रत्येक प्रीस्कूल की उनकी अपनी नामांकन नीति के अनुसार स्थान आवंटन करने की जिम्मेदारी होती है।
- स्थान आवंटित करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला चयन मानदण्ड अलग-अलग प्रीस्कूल में अलग-अलग हो सकता है।
- **यह सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी पसंद के प्रीस्कूल से नामांकन नीति और चयन मानदण्ड की प्रति प्राप्त करें और पढ़ें।**

कार्यविधि

- आवेदन बच्चे/बच्ची के दूसरे जन्मदिन से स्वीकार किए जाएँगे और इस तिथि से पहले इनका प्रंसस्करण नहीं किया जाएगा।
- **आवेदन के साथ बच्चे/बच्ची की आयु का प्रमाण अवश्य जमा कराया जाना चाहिए।**
- आपके लिए यह भी ज़रूरी है कि आप एक आवासीय पता बताएँ।
- **आवेदन के साथ आवासीय पते, वह पता जहाँ आप निवास करते/करती हैं, का प्रमाण भी अवश्य दिया जाना चाहिए। उपयोगिता कम्पनियों के केवल हाल ही के बिल स्वीकार किए जाएँगे। रेट्स नोटिस स्वीकार्य नहीं है।**
- **आवेदन के साथ अप-टू-डेट (नवीनतम) टीकाकरण के प्रमाण अवश्य दिए जाने चाहिए। एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज़ AIR हिस्ट्री स्टेटमेंट (ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइजेशन रजिस्टर) है जिसे Medicare ऑनलाइन से डाउनलोड किया जा सकता है**
  http://www.health.vic.gov.au/immunisation/factsheets/no-jab-no-play.htm
- यदि बच्चे/बच्ची के पास अपना या माता-पिता/अभिभावक के पास हेल्थ केयर कार्य, पेन्शन कार्ड या इसके समान कोई कार्ड है, तो इसकी एक प्रति आवेदन के साथ दी जानी चाहिए।
- आवेदन के साथ आवेदन शुल्क भी दिया जाना चाहिए जो रिफंड किए जाने योग्य नहीं है।
- **यह सुनिश्चित करना आवेदन जमा कराने वाले व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि सभी दस्तावेज़ सही हैं और इन्हें आवेदन फॉर्म के साथ जमा कराया जाता है।** ***गलत या अधूरे आवेदन वापिस कर दिए जाएँगे।***
- इस आवेदन को जमा कराना प्रीस्कूल में स्थान मिलने की गारंटी **नहीं है**।
- प्रत्येक बच्चे/बच्ची के लिए केवल एक आवेदन ही स्वीकार किया जाएगा।
- आवेदन 3 साल और/या 4 साल के प्रीस्कूल, दोनों, के लिए, एक साल के लिए ही किए जा सकते हैं।
- 3 साल के प्रीस्कूल में उपस्थिति का अर्थ उसी प्रीस्कूल में 4 साल के कार्यक्रम में स्थान मिलने की गारंटी नहीं है।
- बच्चों के पास 4 साल के प्रीस्कूल से पहले 3 साल के प्रीस्कूल की सुविधा केवल एक साल के लिए ही होगी।
- **आवेदन प्रवेश से पहले के वर्ष की 30 जून को समाप्त होते हैं।** इस तिथि के बाद मिले आवेदनों को प्रतीक्षा-सूची में नहीं रखा जाएगा।
- प्रीस्कूलों के लिए आवेदकों का चयन करने की जिम्मेदारी WPSA की **नहीं** है।
- प्रवेश के पिछले साल की जुलाई और अगस्त के दौरान, प्रीस्कूल स्थानों का निर्धारण करेंगे और सफल आवेदकों को इसकी सूचना देंगे।
- यदि आप सफल होते/होती हैं, तो आपके लिए यह ज़रूरी होगा कि आप प्रीस्कूल को डिपॉजिट जमा कराके स्थान स्वीकार करें। (इसके विवरण प्रीस्कूल द्वारा प्रदान किए जाएँगे
- प्रीस्कूल असफल आवेदकों को सूचित करेंगे और आपको विकल्पों के लिए WPSA से संपर्क करना चाहिए।
- विकल्पों के लिए आवेदनों पर केवल तभी ग़ौर किया जाएगा यदि प्राथमिक पेशकश के पश्चात खाली स्थान शेष रहते हैं।

पात्रता/प्रवेश का वर्ष

- प्रीस्कूल के पात्र होने के लिए आपकी संतान की आयु उस वर्ष के 30 अप्रैल को या इससे पहले 3 या 4 साल की हो जानी चाहिए, जिसमें वह क्रमश: 3 या 4 साल के प्रीस्कूल में भाग लेंगे।
- कृपया ध्यान दें कि 3 साल के कार्यक्रम में भाग लेना शुरू करने से पहले आपकी संतान की आयु तीन साल हो चुकी होनी चाहिए।

अपना आवेदन जमा कराना
कृपया आवेदन फॉर्म भरें और इसे w.p.s.a@bigpond.com पर ई-मेल करें या निम्नलिखित पते पर डाक से भेजें:
THE APPLICATIONS OFFICE WPSA,
P.O. BOX 1194, BLACKBURN
NORTH, 3130

आवेदन फॉर्म के साथ $30 प्रति विद्यार्थी का आवेदन शुल्क, जो रिफंड योग्य नहीं है, दिया जाना चाहिए, इसका भुगतान हमारी वेबसाइट के *'enrolment forms'* पेज़ पर दिए लिंक के माध्यम से PayPal द्वारा, या WPSA को चेक या मनी ऑर्डर देकर किया जाना चाहिए। 5 कामकाजी दिनों में जवाब प्राप्त करने के लिए ई-मेल पता या DL साइज का स्टैम्प लगा लिफाफा भेजें जिसमें आपका पता लिखा हो।
कृपया पुष्टि पत्र को इस सूचना पत्र के साथ आवेदन के अपने रिकॉर्ड के तौर पर संभाल कर रखें।
प्रीस्कूल आवेदन के बारे में कोई पूछताछ या पता या प्राथमिकता बदलने की सूचना देने के लिए Applications Office से w.p.s.a@bigpond.com या 03 92854854 पर संपर्क करें।

निवेदन की गई व्यक्तिगत जानकारी WPSA द्वारा Whitehorse में प्रीस्कूल सेवाओं के लिए एकत्रित की जा रही है और इसका प्रयोग WPSA द्वारा उस प्राथमिक उद्देश्य या प्रत्यक्ष रूप से इसके साथ जुड़े उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। WPSA प्रीस्कूल प्रबंधन कमेटियों को इस जानकारी का खुलासा कर सकती है। WPSA किसी अन्य संस्था या प्राधिकरण को इस जानकारी का खुलासा नहीं करेगी। आवेदन तक पहुँच प्राप्त करने और/या इसमें संशोधन करने के लिए निवेदन Applications Office को 03 92854854 पर किए जाने चाहिए।

WHITEHORSE प्रारम्भिक शिक्षा सेवाएँ (WHITEHORSE EARLY LEARNING SERVICES - WELS)
WELS में काउंसिल द्वारा संचालित बच्चों के पांच सेवा केन्द्र हैं जो राज्य सरकार द्वारा वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम तथा साथ ही लांग डे केयर कार्यक्रम प्रदान करते हैं। किंडरगार्टन कार्यक्रम स्नातक डिग्री धारक प्रशिक्षित किंडरगार्टन शिक्षक द्वारा प्रदान किया जाता है और इसमें ट्रांज़िशन टू स्कूल (स्कूल जाना शुरू करने के लिए अवस्थांतर) शामिल है। WELS 0 से 6 साल की आयु वाले बच्चों के लिए देखरेख और शिक्षा भी प्रदान करता है जिससे उन परिवारों को मदद मिलती है जिन्हें अपनी नौकरी संबंधी प्रतिबद्धताओं के साथ किंडरगार्टन कार्यक्रम का तालमेल बिठाने की ज़रूरत होती है। नामांकन कराने के लिए अपने पसंदीदा सेंटर से संपर्क करें।

Whitehorse में प्रीस्कूलों के बारे में अधिक विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.wpsa.com.au देखें